AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

रिदम मिस और प्रखर बने मिस्टर ग्रेविटास

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के व्यापार प्रशासन विभाग के कला व प्रबंधन उत्सव ग्रेविटास 2.0 का गुरुवार को समापन हो गया। इसमें रिदम श्रीवास्तव को मिस ग्रेविटास और प्रखर को मिस्टर ग्रेविटास का खिताब दिया गया। वहीं, पोस्टर मेकिंग में जैनब, डिबेट में रितिक शुक्ला, पिच द प्रोडक्ट में आर्य्य वर्मा विजेता रहे। स्टैंडअप कॉमेडी में केकेसी के अखिलेश तिवारी, सोलो डांस में अखिलेश कुमार, आईईटी के आदित्य रावत एंड टीम बिजनेस क्विज में और सिंगिंग ग्रुप में सुशील और अश्विनी विजयी रहे। कुल 18 प्रतियोगिताओं में 25 कॉलेजों के करीब 400 प्रतिभागी शामिल रहे। मालवीय सभागार में मुख्य अतिथि व आईआईएम तिरुचिरापल्ली के निदेशक डॉ. पवन कुमार सिंह ने पदक, उपहार वाउचर व प्रमाणपत्र दिए। इस दौरान कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय, विभागाध्यक्ष डॉ संगीता साहू व अन्य मौजूद रहे। (संवाद)

लविवि : प्रबंधन छात्र सीखेंगे विदेशी भाषाएं

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रबंधन छात्र विदेशी भाषाएं सीखेंगे। उन्हें चीनी और जापानी भाषा सिखाने के लिए खास कोर्स चलाया जाएगा। इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज की सिफारिश पर गुरुवार को गवर्निंग काउंसिल ने मुहर लगा दी है। इसके तहत बीबीए एनईपी और एमबीए तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों को चीनी, फ्रेंच, जापानी और स्पेनिश पढ़ाई जाएगी। वहीं, एमबीए तीसरे व चौथे सेमेस्टर के छात्रों को चुनी हुई स्ट्रीम में स्पेशलाइज्ड कोर पेपर की परीक्षा देनी होगी। इसमें मार्केटिंग, इंटरनेशनल बिजनेस व अन्य पेपर शामिल किए गए हैं। कुलसचिव संजय मेधावी ने बताया कि इस बैठक में एमबीए इन बिजनेस एनालिटिक्स का कोर्स शुरू करने पर सहमति नहीं बन पाई है। इस दौरान कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय, डॉ संदीप गोयल, वीतिका जोशी, प्रो. पीके सिंह व अन्य मौजूद रहे। (संवाद)

मूट कोर्ट एसो. कल कराएगी सेमिनार

लखनऊ। लखनऊ यूनिवर्सिटी मूट कोर्ट एसोसिएशन 15 अप्रैल को राष्ट्रीय सेमिनार कराएगी। इसका विषय राइट टू हिपेयर एवं कंज्यूमर प्रोटेक्शन लॉ इन इंडिया है। इसमें सिटीजिंट, शिक्षक व शोध छात्र अपने शोधपत्र प्रस्तुत करेंगे। विधि संकाय के अधिष्ठाता व विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. बलेश सिंह ने बताया कि ऐसे कार्यक्रम छात्रों के अनुसंधान विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। एसोसिएशन के फैकल्टी कोऑर्डिनेटर डॉ. राघेश्याम प्रसाद के नेतृत्व में स्टूडेंट कन्वेनर हेमंत पाण्डेय व अन्य इसकी तैयारियों में जुटे हैं। (संवाद)

हेगेल और मार्क्स पद्धति पर हुई चर्चा

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के दर्शन विभाग में बृहस्पतिवार को हेगेल और मार्क्स की द्वंद्वात्मक पद्धति पर चर्चा हुई। मुख्य वक्ता व नॉर्थ बंगाल विश्वविद्यालय की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अनुरीमा भट्टाचार्य ने हेगेल की प्रमुख पुस्तकों पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि हेगेल किस तरह से कांट के दर्शन से आगे बढ़े। कोई भी विचार मौलिक नहीं होता, बल्कि सभी विचार अपनी संस्कृतियों से जन्म लेते हैं। इस की सारा ज्ञान मानवीय अनुभूति से ही होता है। कोई भी विचार मौलिक नहीं होता, बल्कि सभी विचार अपनी संस्कृतियों से जन्म लेते हैं। इस दौरान प्रो. रजनी श्रीवास्तव, प्रो. राकेश चंद्रा, डॉ. राजेश्वर यादव, डॉ. राजेंद्र वर्मा, डॉ. प्रशांत शुक्ल, डॉ. ममता सिंह आदि मौजूद रहे। (संवाद)

NBT PAGE 8

एमबीए, बीबीए के छात्रों को पढ़ाई जाएंगी विदेशी भाषाएं

- एलयू में इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज के गवर्निंग बोर्ड बैठक में लिया फैसला

एमबीए इन बिजनेस एनालिटिक्स पर नहीं बनी सहमति

रजिस्ट्रार संजय मेधावी ने बताया कि गवर्निंग बोर्ड में एमबीए इन बिजनेस एनालिटिक्स पाठ्यक्रम शुरू करने के लिए प्रस्ताव दिया गया था। इस पर सहमति नहीं बन सकी। अगली गवर्निंग बोर्ड की बैठक के एजेंडे में दोबारा उसे शामिल करने के लिए कहा गया है। वहीं गवर्निंग बोर्ड की बैठक के बाद रेडीफ्यूजन ब्रांड सॉल्यूशंस के प्रबंध निदेशक डॉ. संदीप गोयल ने आईएमएस के स्टूडेंट्स को विज्ञापन के तरीकों के बारे में बताया।

एनबीटी संवाददाता, लखनऊ : एलयू के इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज (आईएमएस) के बीबीए एनईपी और एमबीए तृतीय सेमेस्टर के स्टूडेंट्स को फ्रेंच, जापानी, स्पेनिश और चीनी भाषा पढ़ाई जाएगी। वहीं एमबीए तृतीय और चतुर्थ सेमेस्टर के स्टूडेंट्स को चुनी हुई स्ट्रीम में सुपर स्पेशलाइज्ड कोर पेपर देना होगा।

एलयू के द्वितीय परिसर में गुरुवार को वीसी प्रो. आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में हुई आईएमएस गवर्निंग बोर्ड की बैठक में इन अहम मुद्दों पर मुहर लगी। बैठक में रेडीफ्यूजन ब्रांड सॉल्यूशंस के प्रबंध निदेशक डॉ. संदीप गोयल, आईआईएम तिरुचिरापल्ली के निदेशक प्रो. पीके सिंह, आईएमएस की ओएसडी प्रो. विनीता काचर, आईएचसीएल की वीतिका जोशी देवरस समेत कला व वाणिज्य संकाय के डीन, वित्त अधिकारी, परीक्षा नियंत्रक, कुलसचिव, संयोजक भी शामिल रहे। बैठक में प्रो. विनीता काचर ने सभी सदस्यों के सामने तीन मुद्दे रखे। इसमें विदेशी भाषाओं में फ्रेंच व जापानी भाषा को पढ़ाने के लिए प्रस्तावित किया गया। गवर्निंग बोर्ड ने इसमें दो अन्य विदेशी भाषाओं स्पैनिश व चैनी को भी पढ़ाने का सुझाव दिया। अध्यक्ष ने प्रस्ताव स्वीकार कर मंजूरी दी। वहीं एमबीए तृतीय व चतुर्थ सेमेस्टर में स्टूडेंट्स की ओर से चुनी गई स्ट्रीम (मार्केटिंग, एचआर, इंटरनेशनल बिजनेस आदि) में सुपर स्पेशलाइज्ड कोर पेपर देने की सहमति बनी।

HINDUSTAN PAGE 6

एलयू में बीबीए और एमबीए के छात्र पढ़ेंगे विदेशी भाषाएं

मुहर

लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्र अब विदेशी भाषाएं भी पढ़ेंगे। इससे उनके लिए रुसको की नई राहें खुलेंगी। दरअसल इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज (आईएमएस) के बीबीए एनईपी व एमबीए तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों को विदेशी भाषा मसलन फ्रेंच, जापानी, स्पैनिश व चीनी भाषा पढ़ाई जाएगी। साथ ही एमबीए तृतीय व चतुर्थ सेमेस्टर के छात्रों को चुनी हुई स्ट्रीम में सुपर स्पेशलाइज्ड कोर पेपर देना होगा।

बुधवार को एलयू के द्वितीय परिसर में कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में हुई आईएमएस गवर्निंग बोर्ड की बैठक में इस पर मुहर लगाई गई। बैठक में रेडीफ्यूजन ब्रांड सॉल्यूशंस के प्रबंध निदेशक डॉ. संदीप गोयल, आईआईएम, तिरुचिरापल्ली के निदेशक प्रो. पीके सिंह, कला व वाणिज्य संकाय के डीन, वित्त अधिकारी, परीक्षा नियंत्रक, कुलसचिव और संयोजक व आईएमएस की ओएसडी प्रो. विनीता काचर मौजूद रहीं। आईएमसीएल में ब्रांड, मार्केटिंग और डाटा की उपाध्यक्ष वीतिका जोशी देवरस भी सदस्य के रूप में ऑनलाइन शामिल हुईं। इसके बाद गवर्निंग बोर्ड की मीटिंग शुरू हुई।

बिजनेस एनालिटिक्स पर नहीं बनी सहमति

कुलसचिव संजय मेधावी ने बताया कि गवर्निंग बोर्ड में एमबीए इन बिजनेस एनालिटिक्स पाठ्यक्रम शुरू करने के लिए प्रस्ताव दिया गया था। इस पर सहमति नहीं बन सकी। अगली गवर्निंग बोर्ड की बैठक के एजेंडे में दोबारा उसे शामिल करने के लिए कहा गया है।

चुनी गई स्ट्रीम में कोर पेपर देने पर सहमति

जानकारी के अनुसार बैठक में एमबीए तृतीय व चतुर्थ सेमेस्टर में छात्रों द्वारा चुनी गई स्ट्रीम (जैसे मार्केटिंग, एचआर, इंटरनेशनल बिजनेस आदि) में सुपर स्पेशलाइज्ड कोर पेपर देने की सहमति बनी। इसे भी गवर्निंग बोर्ड से अनुमोदन प्रदान किया गया। गवर्निंग बोर्ड की बैठक के बाद रेडीफ्यूजन ब्रांड सॉल्यूशंस के प्रबंध निदेशक डॉ. संदीप गोयल ने आईएमएस विद्यार्थियों को विज्ञापन के तरीकों के बारे में बताया।

देवरस भी सदस्य के रूप में ऑनलाइन शामिल हुईं। इसके बाद गवर्निंग बोर्ड की मीटिंग शुरू हुई।

एलयू के व्यापार प्रशासन विभाग द्वारा आयोजित ग्रेविटास 2.0 के समापन पर गुरुवार को विजेता सम्मानित किए गए।

लखनऊ विश्वविद्यालय में गुरुवार को खेल प्रतियोगिता के विजेता सम्मानित हुए।

एलयू: खेल में लखनऊ इलेवन प्रथम स्थान पर

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में बीते 15 दिनों से चल रही खेल प्रतियोगिता का बुधवार को समापन हुआ। यहां मुख्य अतिथि द्वितीय परिसर के निदेशक और विधि संकाय के विभागाध्यक्ष एवं अधिष्ठाता प्रो. बीडी सिंह ने विजेताओं को पदक दिए। उन्होंने कहा खेलों से सर्वांगीण विकास होता है। प्रो. सिंह ने प्रथम स्थान पर रही एलयू की लखनऊ इलेवन टीम को 11000 का नकद पुरस्कार दिया।

मिस्टर और मिस ग्रेविटास का खिताब प्रखर, रिदम को

18 प्रतियोगिताओं के विजेता सम्मानित हुए

लखनऊ, संवाददाता। एलयू के व्यापार प्रशासन विभाग द्वारा आयोजित 'ग्रेविटास 2.0' का गुरुवार को समापन हुआ। 18 प्रतियोगिताओं के विजेताओं को आईआईएम तिरुचिरापल्ली के निदेशक डॉ. पवन कुमार सिंह ने सम्मानित किया गया।

एलयू के छात्रों ने कई प्रतियोगिताओं में जीत हासिल की। मिस्टर और मिस ग्रेविटास का खिताब प्रखर और रिदम को मिला। केकेसी के आदित्य अखिलेश तिवारी को स्टैंड अप कॉमेडी व एड मैड और अखिलेश कुमार को डांस सोलो के लिए पुरस्कार दिया गया।

आईआईएम तिरुचिरापल्ली के निदेशक डॉ. पवन कुमार सिंह ने नेतृत्व, नवाचारों, मूल्यों पर विचार रखे।

विद्यार्थियों को दिए विज्ञापन के मंत्र

LUCKNOW : एलयू के इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज में गुरुवार को मैनेजमेंट लीडर्स के साथ विचार मंथन का आयोजन किया गया. इसमें रेडीफ्यूजन ब्रांड साल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक डा. संदीप गोयल ने विद्यार्थियों को विज्ञापन के विकसित होने वाले क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित किया. उन्होंने कहा कि छात्रों में उपभोक्ता व्यवहार की गहरी समझ की आवश्यकता है. उन्होंने सोशल मीडिया और डिजिटल मार्केटिंग सहित प्रिंट, टीवी जैसे पारंपरिक विज्ञापन विधियों पर अपनी विशेषज्ञता भी साझा की. इस अवसर पर वीसी प्रो. आलोक कुमार राय, आईएमएस की ओएसडी प्रो. विनीता काचर व अन्य शिक्षक उपस्थित रहे. प्रो. विनीता ने बताया कि आईआईएम तिरुचिरापल्ली के निदेशक प्रो. पीके सिंह का एक सत्र 15 अप्रैल को होगा, जिसमें वह मानव संसाधन प्रबंधन और संगठनात्मक व्यवहार पर बात करेंगे.

एलयू और डिग्री कॉलेजों में मास्क अनिवार्य

बढ़ते कोविड के मामलों को देखते हुए लखनऊ विश्वविद्यालय ने भी परिसर, हास्टल से लेकर डिग्री कालेजों में मास्क लगाने और कोविड प्रोटोकाल का पालन करने के निर्देश जारी किए हैं. कुलसचिव संजय मेधावी ने बताया कि जिलाधिकारी ने कार्यालयों में बिना मास्क इंट्री न दिए जाने, प्रवेश द्वार और थर्मल स्कैनिंग की व्यवस्था करने, सर्दी-जुकाम, बुखार या फ्लू के लक्षण होने पर घर पर ही रहने तथा कोविड जांच कराने के निर्देश दिए गए हैं. वहीं पूरी गाइडलाइन परिसर से लेकर डिग्री कालेजों को भेजी गई है. चीफ प्रोक्टोर ने भी सभी हास्टल में कोविड प्रोटोकाल का पालन सुनिश्चित करने के लिए कहा है.

i-NEXT PAGE 3

एलयू के 'तरंग' में जमकर बिखरे रंग

lucknow@inext.co.in

हर किसी के चेहरे पर खुशी साफ नजर आ रही थी. एक के बाद एक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों ने हर किसी का ध्यान आकर्षित किया. तालियों की गड़गड़ाहट के बीच बुधवार में मौजूद सभी लोगों ने हर एक प्रस्तुति का जोरदार स्वागत किया. मौका था लखनऊ यूनिवर्सिटी के व्यापार प्रशासन विभाग द्वारा आयोजित ग्रेविटास 2.0 के समापन कार्यक्रम तरंग का. इस कार्यक्रम में स्टूडेंट्स की ओर से एक से बढ़कर एक शानदार प्रस्तुति दी गई.

Invite us:
If you are throwing a party, celebrating any festival or mounting an exhibition, we will report it. Call us at 9918169164 or mail at: lucknow@inext.co.in
For more pics/photos, go to www.inext.co.in/gallery

AMRIT VICHAR PAGE 4

लविवि: अब एमबीए छात्र पढ़ सकेंगे विदेशी भाषाएं

न्यू कैंपस के प्रबंधन विज्ञान संस्थान गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों की बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

कार्यालय लखनऊ

अमृत विचार: लखनऊ विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज (आईएमएस) के बीबीए एनईपी व एमबीए तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों को विदेशी भाषाओं फ्रेंच, जापानी, स्पैनिश व चीनी भाषा को पढ़ाया जाएगा। साथ ही एमबीए तृतीय व चतुर्थ सेमेस्टर के छात्रों को अब चुनी हुई स्ट्रीम में सुपर स्पेशलाइज्ड कोर पेपर देना होगा।

बुधवार को लखनऊ विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर में कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में हुई आईएमएस गवर्निंग बोर्ड की बैठक में इस पर मुहर लगाई गई। बैठक में गवर्निंग बोर्ड के अध्यक्ष कुलपति प्रो.. आलोक कुमार राय, सदस्य रेडीफ्यूजन ब्रांड सॉल्यूशंस के प्रबंध निदेशक डॉ. संदीप गोयल, आईआईएम, तिरुचिरापल्ली के निदेशक प्रो. पीके सिंह, कला व वाणिज्य संकाय के डीन, वित्त अधिकारी, परीक्षा नियंत्रक, कुलसचिव और संयोजक व आईएमएस की ओएसडी प्रो. विनीता काचर मौजूद रहे। जबकि आईएचसीएल में ब्रांड, मार्केटिंग और डाटा की उपाध्यक्ष वीतिका जोशी देवरस भी सदस्य के रूप में ऑनलाइन शामिल हुई। इसके बाद गवर्निंग बोर्ड की मीटिंग शुरू हुई। यहां प्रो. विनीता काचर ने बोर्ड के अध्यक्ष व सभी सदस्यों के सामने तीन मुद्दे रखे।

जिसमें विदेशी भाषाओं में फ्रेंच व जापानी भाषा को पढाने के लिए प्रस्तावित किया गया था लेकिन गवर्निंग बोर्ड ने इसमें दो अन्य विदेशी भाषाओं स्पैनिश व चीनी को भी पढाने का सुझाव दिया, जिसे अध्यक्ष ने स्वीकार किया और मंजूरी दे दी। वहीं एमबीए तृतीय व चतुर्थ सेमेस्टर में छात्रों द्वारा चुनी गई स्ट्रीम (जैसे मार्केटिंग, एचआर, इंटरनेशनल बिजनेस आदि) में सुपर स्पेशलाइज्ड कोर पेपर देने की सहमति बनी। इसे भी गवर्निंग बोर्ड से अनुमोदन प्रदान किया गया।

बैठक के दौरान कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय व अन्य। अमृत विचार

फैसला

- फ्रेंच, जापानी, स्पैनिश और चीनी भाषा पढ़ेंगे

निदेशक प्रो. पीके सिंह, कला व वाणिज्य संकाय के डीन, वित्त अधिकारी, परीक्षा नियंत्रक, कुलसचिव और संयोजक व आईएमएस की ओएसडी प्रो. विनीता काचर मौजूद रही। जबकि आईएचसीएल में ब्रांड, मार्केटिंग और डाटा की उपाध्यक्ष वीतिका जोशी देवरस भी सदस्य के रूप में ऑनलाइन शामिल हुई। इसके बाद गवर्निंग बोर्ड की मीटिंग शुरू हुई। यहां प्रो. विनीता काचर ने बोर्ड के अध्यक्ष व सभी सदस्यों के सामने तीन मुद्दे रखे।

जिसमें विदेशी भाषाओं में फ्रेंच व जापानी भाषा को पढाने के लिए प्रस्तावित किया गया था लेकिन गवर्निंग बोर्ड ने इसमें दो अन्य विदेशी भाषाओं स्पैनिश व चीनी को भी पढाने का सुझाव दिया, जिसे अध्यक्ष ने स्वीकार किया और मंजूरी दे दी। वहीं एमबीए तृतीय व चतुर्थ सेमेस्टर में छात्रों द्वारा चुनी गई स्ट्रीम (जैसे मार्केटिंग, एचआर, इंटरनेशनल बिजनेस आदि) में सुपर स्पेशलाइज्ड कोर पेपर देने की सहमति बनी। इसे भी गवर्निंग बोर्ड से अनुमोदन प्रदान किया गया।

हेगेल की पुस्तकों पर लविवि में व्याख्यान

अमृत विचार लखनऊ : लविवि की ओर से एक व्याख्यान में हेगेल की प्रमुख पुस्तकों की चर्चा करते हुए इस बात को रखने का प्रयास किया कि हेगेल किस तरह से कांट के दर्शन से आगे बढ़ते हैं? इस व्याख्यान में दर्शन शास्त्र विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ. रजनी श्रीवास्तव एवं अन्य विभागीय शिक्षक प्रो राकेश चंद्रा, डॉ. राजेश्वर यादव, डॉ. राजेंद्र वर्मा, डॉ. प्रशांत शुक्ला, डॉ. ममता सिंह उपस्थित रहे। इसके साथ ही विभाग के शोधार्थियों तथा स्नातक तथा परास्नातक के छात्रों ने भी उत्साह पूर्वक हिस्सा लिया।

विद्यार्थियों को दिए विज्ञापन के मंत्र

लखनऊ विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट साइंसेज (आइएमएस) में गुरुवार को मैनेजमेंट लीडर्स के साथ विचार मंथन का आयोजन किया गया। रेडीफ्यूजन ब्रांड साल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक डा. संदीप गोयल ने विज्ञापन के विकसित होने वाले क्षेत्र पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि छात्रों में उपभोक्ता व्यवहार की गहरी समझ की आवश्यकता है। उन्होने सोशल मीडिया और डिजिटल मार्केटिंग सहित प्रिंट, टीवी जैसे पारंपरिक विज्ञापन विधियों पर अपनी विशेषज्ञता भी साझा की। इस अवसर पर कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय, आइएमएस की ओएसडी प्रो.विनीता काचर व अन्य शिक्षक उपस्थित रहे। प्रो. विनीता ने बताया कि आइआइएम तिरुचिरापल्ली के निदेशक प्रो. पीके सिंह का एक सत्र 15 अप्रैल को होगा, जिसमें वह मानव संसाधन प्रबंधन और संगठनात्मक व्यवहार पर बात करेंगे।

अमृत विचार से साभार

JAGRAN CITY PAGE IV

लवि की टीम इलेवन ने जीता टूर्नामेंट

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में चल रही 15 दिवसीय विभिन्न खेल प्रतियोगिता में पहला स्थान लवि की टीम इलेवन को मिला। वहीं, विश्वविद्यालय की ही टीम केवी किंग दूसरे स्थान पर रही। पहले स्थान वाली टीम को 11 हजार रुपये और द्वितीय स्थान की टीम को पांच हजार रुपये नकद पुरस्कार स्वरूप दिए गए।

लवि स्पोर्ट्स कमेटी के अध्यक्ष डा. उग्रसेन वर्मा ने बताया कि महिला क्रिकेट में लवि की इंजीनियरिंग विभाग की टीम प्रथम, ला की टीम द्वितीय रही। फुटबाल में इंटीग्रल यूनिवर्सिटी की टीम आइयूएलएफ विजेता हुई। नेशनल कालेज की टीम दूसरे स्थान पर रही।

बास्केटबाल में भी लवि ने मारी बाजी : लवि की बास्केटबाल की टीम ने पहला स्थान जीता। वहीं, गर्ल्स में भी लवि की टीम विजेता बनी। दूसरे स्थान पर राम स्वरूप कालेज की टीम रही। वालीबाल में भी लवि टीम ने अपनी बढ़त बनाते हुए पहला स्थान हासिल किया। बीबीडी की टीम को दूसरा स्थान मिला।

दौड़ में अमान प्रथम : 100 मीटर दौड़ में पुरुष में अमान और महिला वर्ग में फरवा रिजवी पहले स्थान पर रहीं। 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर, 1600 मीटर में विभिन्न प्रतिभागियों ने पहला व दूसरा स्थान जीता। टेबल टेनिस गर्ल्स में पलक, चेस में अभिषेक ने पहला स्थान जीता। विजेताओं को लवि द्वितीय कैंपस के निदेशक प्रो. बीडी सिंह ने बधाई दी।

15 दिवसीय खेल प्रतियोगिता में टीम इलेवन बनी विजेता ● सौजन्य से लवि

आईएमएस में पढ़ें जापानी भाषा

आईएमएस में सुपर स्पेशलाइज्ड सब्जेक्ट्स पढ़ेंगे स्टूडेंट्स

LUCKNOW (13 April, inext): लखनऊ यूनिवर्सिटी का इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज अब एमबीए के स्टूडेंट्स को फ्यूचर लैंग्वेज पढ़ाने की तैयारी कर रहा है. गुरुवार को हुई आईएमएस की गवर्निंग बोर्ड बैठक में विदेशी भाषा फ्रेंच, स्पेनिश, चीनी को एमबीए थर्ड सेमेस्टर में एमबीए प्रोग्राम में गैर क्रेडिट के रूप में शामिल करने की सिफारिश की गई है. इसके साथ ही बीबीए, एनईपी थर्ड सेमेस्टर में भी इसे शामिल करने की सिफारिश की गई है. गवर्निंग बोर्ड ने पाठ्यक्रम में एमबीए थर्ड व फोर्थ सेमेस्टर प्रोग्राम में अधिक विशिष्ट डोमेन कोर पेपर की सिफारिश की है, जिसको लेकर बोर्ड ने अनुमोदन भी कर दिया है.

ये लोग रहे मौजूद

बैठक के दौरान गवर्निंग बोर्ड के सदस्य अध्यक्ष गवर्निंग बोर्ड वाइस चांसलर प्रोफेसर आलोक कुमार राय, सदस्य गवर्निंग बोर्ड, डॉ. संदीप गोयल प्रबंध निदेशक, रेडीफ्यूजन, ब्रांड सॉल्यूशंस प्रा. लिमिटेड, सदस्य गवर्निंग बोर्ड, वीतिका जोशी देवरस उपाध्यक्ष, आईएचसीएल में ब्रांड, मार्केटिंग और डेटा ऑनलाइन शामिल हुए.

दर्शन विभाग में हेगेल और मार्क्स के द्वंद्वात्मक पद्धति पर हुई चर्चा

LUCKNOW : एलयू की तरफ से गुरुवार को दर्शन विभाग में हेगेल और मार्क्स के द्वंद्वात्मक पद्धति पर सेमिनार हुआ. इस दौरान प्रमुख वक्ता डॉ. अनुरीमा भट्टाचार्य रही शामिल हुई. वह दर्शन शास्त्र विभाग नॉर्थ बंगाल यूनिवर्सिटी में एसोसिएट प्रोफेसर हैं. उन्होंने हेगेल इन हाइलीलीयन वॉट पर विचार पेश किए. उन्होंने कहा कि सारा ज्ञान मानवीय अनुभूति से ही होता है और कोई भी विचार मौलिक नहीं होता, बल्कि सभी विचार अपनी संस्कृतियों से जन्म लेते हैं. इस दौरान दर्शन शास्त्र विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ. रजनी श्रीवास्तव एवं अन्य विभागीय शिक्षक प्रो राकेश चंद्रा, डॉ. राजेश्वर यादव, डॉ. राजेंद्र वर्मा, डॉ. प्रशांत शुक्ला, डॉ. ममता सिंह मौजूद रहे.

डिबेट में एलयू बना अव्वल

बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन विभाग की ओर से चल रहे ग्रेविटास 2.0 में बीड फिनाले

LUCKNOW (13 April): एलयू के बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन विभाग की ओर से चल रहे ग्रेविटास 2.0 का गुरुवार को ग्रैंड फिनाले हुआ. इस साल इस फेस्टिवल में कुल 18 कार्यक्रम हुए और इसमें एमिटी यूनिवर्सिटी, वीवीएयू और कानपुर यूनिवर्सिटी जैसे संस्थानों सहित 25 कॉलेजों के 380 प्रतिभागियों ने भाग लिया. फेस्टिवल के दूसरे दिन बिजनेस क्विज, पैनल डिस्कशन आदि आयोजित किए गए. आईआईएम तिरुचिरापल्ली के निदेशक डॉ पवन कुमार सिंह के साथ एक सत्र हुआ. मौके पर कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय, विभागाध्यक्ष डॉ. संगीता साहू सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं प्राध्यापक व समन्वयक डॉ. निमिषा कपूर भी मौजूद रहीं. डिबेट में एलयू के रितिक शुक्ला, केस स्टडी में एलयू की टीम चंदिका, बिजनेस क्विज में आईईटी से आदित्य रावत व टीम समेत सभी विजेताओं को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया.

RASHTRIAYA SAHARA PAGE 7

प्रखर सिंह व रिदम श्रीवास्तव मिस्टर एंड मिस ग्रेविटास

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय विजनेस एडमिनिस्ट्रेशन विभाग द्वारा आयोजित वार्षिक प्रवंधन उत्सव ग्रेविटास 2.0 का ग्रैड फिनाले वृहस्पतिवार को किया गया। इस वर्ष इस फेस्टिवल में कुल 18 कार्यक्रम हुए और इसमें एमिटी यूनिवर्सिटी, वीवीएयू और कानपुर यूनिवर्सिटी जैसे संस्थानों सहित 25 कॉलेजों के 380 प्रतिभागियों ने भाग लिया। फेस्टिवल के दूसरे दिन विभिन्न कार्यक्रमों जैसे कि विजनेस क्विज, पैनल डिस्कशन आदि आयोजित किए गए। आयोजन के दौरान प्रखर सिंह और रिदम श्रीवास्तव को मिस्टर एंड मिस ग्रेविटास का खिताब दिया गया। आईआईएम तिरुचिरापल्ली के निदेशक डॉ पवन कुमार सिंह ने भी भाग लिया। इसमें लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय, विभागाध्यक्ष डॉ. संगीता साहू, कार्यक्रम की समन्वयक डॉ. निमिषा कपूर भी उपस्थित थीं।

आईएमएस में अति विशेष विषय पढ़ेंगे छात्र

लखनऊ। आईएमएस नवीन परिसर लखनऊ विश्वविद्यालय में वृहस्पतिवार को सुवह 11 वजे गवर्निंग वोर्ड की वैठक में विदेशी भाषाः फ्रेंच/जापानी/स्पेनिश/चीनी को एमवीए तृतीय सेमेस्टर में, एमवीए प्रोग्राम में गैर-क्रेडिट के रूप में वीवीए (एनईपी) तृतीय सेमेस्टर शामिल करने की सिफारिश की गई। गवर्निंग वोर्ड ने पाठ्यक्रम में अधिक विशिष्ट डोमेन कोर पेपर की सिफारिश की है एमवीए तृतीय और चतुर्थ प्रोग्रामों पर विचार किया और गवर्निंग वोर्ड द्वारा अनुमोदित किया गया। वैठक में गवर्निंग वोर्ड के सदस्य, अध्यक्ष गवर्निंग वोर्ड वाइस चांसलर प्रोफेसर आलोक कुमार राय, डॉ. संदीप गोयल, वीतिका जोशी, पीके सिंह समेत अन्य विभागों के डीन मौजूद थे।

THE PIONEER PAGE 3

GRAVITAS 2.0

The department of business administration, Lucknow University, hosted the launch of 'Gravitas 2.0', the annual management festival. It was inaugurated by LU Vice-Chancellor Prof AK Rai in the presence of head of the department Prof Sangeeta Sahu and faculty coordinator Dr Nimisha Kapoor. In the inaugural ceremony, the HOD welcomed all the participants and briefed them about the various competitions scheduled for the day. Later, the vice-chancellor congratulated the students. The competitions were designed to evaluate the creative, problem-solving, and managerial skills of the participants.

MEETING

The governing board members meeting was held on at the Institute of Management Sciences, Lucknow University new campus, on Thursday. The members recommended incorporating the introduction of foreign languages (French, Japanese, Spanish, Chinese) in MBA semester-III and BBA (NEP) semester-III as non-credit in MBA programme. They also recommended more specialised domain core papers in the syllabus of MBA III & IV programmes.

SWATANTRA BHARAT PAGE 3

लविवि के दर्शन विभाग में हेगेल व मार्क्स के द्वंद्वात्मक पद्धति पर की चर्चा

स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय की तरफ से एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस व्याख्यान की प्रमुख वक्ता डॉ अनुरीमा भट्टाचार्य रही। डॉ. भट्टाचार्य दर्शन शास्त्र विभाग, नॉर्थ बंगाल विश्वविद्यालय में एसोसिएट प्रोफेसर हैं। उन्होंने हेगेल और मार्क्स के द्वंदात्मक पद्धति पर अपने विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने अपने व्याख्यान में हेगेल की प्रमुख पुस्तकों की चर्चा करते हुए इस बात को रखने का प्रयास किया कि हेगेल किस तरह से कांट के दर्शन से आगे बढ़ते हैं। उन्होंने कहा कि सारा ज्ञान मानवीय अनुभूति से ही होता है और कोई भी विचार मौलिक नहीं होता, बल्कि सभी विचार अपनी संस्कृतियों से जन्म लेते हैं।

VOICE OF LUCKNOW PAGE 6

एलयू में एमबीए, बीबीए के छात्रों को पढाई जायेंगी विदेशी भाषाएं

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज ;आईएमएसद्ध के बीबीए एनईपी व एमबीए तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों को विदेशी भाषाओं फ्रेंचए जापानीए स्पैनिश व चीनी भाषा को पढाया जाएगा। साथ ही एमबीए तृतीय व चतुर्थ सेमेस्टर के छात्रों को अब चुनी हुई स्ट्रीम में सुपर स्पेशलाइज्ड कोर पेपर देना होगा।

बुधवार को एलयू के द्वितीय परिसर में कुलप